आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :309 पृष्ठ -4 दिनांक 11 नबम्बर 2024 दिन सोमवार

# देव दीपावली पर 16 लाख दीयों से जगमग होंगे वाराणसी के घाट, गंगा महोत्सव के आयोजन

## काशी का प्राचीन देव दीपावली इस बार भी भव्य रूप में मनाया जाएगा

वाराणसी के प्राचीन घाटों पर विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली इस बार 15 नवंबर को मनाई जाएगी. कहा जाता है कि इस भव्य दीपोत्सव को देखने के लिए खुद देवता स्वर्ग से धरती पर आते हैं. पर्यटन विभाग और वाराणसी के जिला प्रशासन की तरफ से देव दीपावली आयोजन को भव्य मनाने की तैयारी की गई है.
जानकारी के अनुसार काशी के घाट को देव दीपावली के अवसर पर 16 लाख दियों से जगमग करने की तैयारी है. इसके अलावा दो घाट पर लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा. साथ ही वाराणसी का सबसे खूबसूरत घाट माने जाने वाला नमो घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को आयोजित करने की भी तैयारी है.16 लाख दियों से जगमग होंगे



बनारस का घाट वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने देव दीपावली आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि काशी का प्राचीन देव दीपावली इस बार भी भव्य रूप में मनाया जाएगा. सभी घाटों को 16 लाख दियों से सजाने की तैयारी है. 12 से 14 नवंबर तक होगा गंगा महोत्सव का आयोजनवहीं तकरीबन इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के भी काशी आने का अनुमान है. ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि देव दीपावली के अवसर पर पर्यटकों की संख्या 10 लाख से भी अधिक हो सकती है. गंगा महोत्सव का आयोजन अस्सी घाट पर होगा जो 12 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा. इसके अलावा गंगा उस पार भी दिए जलाए जाएंगे.देव दीपावली पर लेजर शो का भी आयोजन देव दीपावली के अवसर पर इस बार दो घाटों पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा. काशी विश्वनाथ मंदिर के गंगा द्वार और चेत सिंह घाट पर लेजर शो को आयोजित करने की तैयारी है, जो बेहद आकर्षक होगा. इसके अलावा गंगा उस पार आतिशबाजी भी होगी. काशी के नमो घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन15 नवंबर देव दीपावली के ही दिन काशी के नमो घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा. काशी के देव दीपावली को लेकर पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से तैयारीयों को पूरा किया जा रहा है.

## यूपी को मिली पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, महिलाओं को टिकट पर मिलेगा 50 परसेंट डिस्काउंट



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य की पहली 'डबल डेकर' इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस बस की शुरुआत महत्वपूर्ण कदम है. शनिवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश की पहली 'डबल डेकर' इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की.सीएम योगी ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए टिकट पर 50 फीसदी की छूट की घोषणा की. उन्होंने हर शनिवार सुबह हेरिटेज रूट पर चलने वाली सेवाओं पर महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की भी घोषणा की. इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि यात्रियों को डिजिटल भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी.

बस में मौजूद हैं पांच सीसीटीवी कैमरे और एक पैनिक बटन इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा के लिए पांच सीसीटीवी कैमरे और एक पैनिक बटन लगाया गया है और इलेक्ट्रॉनिक बस वाहन ट्रैकिंग डिवाइस के माध्यम से इसकी वास्तविक समय की लोकेशन तक पहुँचा जा सकता है.सीएम योगी ने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया मुख्यमंत्री योगी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया और बस की खूबियों के बारे में जाना. मुख्यमंत्री ने कहा, "प्रदेश की पहली 'डबल डेकर' इलेक्ट्रिक बस की सेवा शुरू होने से यातायात की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी. साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा."दूसरे शहरों में भी डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की होगी शुरुआत– सीएम योगीउन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक होने के कारण यह बस प्रदूषण कम करने में सहायक होगी. योगी ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर हिंदूजा ग्रुप इलेक्ट्रिक वाहनों का संयंत्र भी स्थापित किया जा रहा है, जिसका उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा.

## बिजनौर में ट्रिपल मर्डर पति-पत्नी और बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या, लहूलुहान मिले शव



बिजनौर की खलीफा कालोनी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। पति–पत्नी और बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर आकर जांच की। इस दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई।खलीफा काला.ॅनी में रविवार को तीन हत्याओं की सूचना पर पुलिस पहुंची। पता चला कि भूरा (50), उसकी पत्नी उबैदा (45) और 18 साल के बेटे याकूब के शव लहूलुहान हालत में पड़े थे। तीनों को पेंचकर गोदकर बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया था। ट्रिपल मर्डर की सूचना मिलते ही मौके पर एसपी अभिषेक झा, एसपी सिटी संजीव बाजपेई और कई थानों की पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। अधिकारियों ने आसपास के लोगों और अन्य परिजनों से पूछताछ और छानबीन की। एसपी सिटी का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

## शराब की बिक्री पर भड़कीं महिलाएं

धामपुर। गांव कौड़ीपुरा की महिलाओं ने शनिवार को पुलिस कोतवाली पहुंचकर गांवों में शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।




कहा कि शराब न मिलने पर युवक महिलाओं के साथ मारपीट कर रहे हैं। गांवों में सब्जी बेचने वाले भी आवाज लगा कर शराब की बिक्री कर रहे है।गांव की विपिन कुमार, बिरमो देवी, कविता देवी के नेतृत्व में गांव की महिलाएं पुलिस कोतवाली पहुंची। बताया कि 112 नंबर को डायल करने पर पुलिस आरोपियों को पकड़ तो लेती है। पर गांव से बाहर जाने के बाद बगैर कार्रवाई के ही छोड़ देती है। शनिवार को भी कई युवकों ने अपने परिजनों व महिलाओं के साथ मारपीट की। इस दौरान विमला देवी, माया, सत्येंद्र कुमार, अनिल, जयमाला, सुनीता, दिनेश, बीना, सीमा देवी आदि रही।वहीं, सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि ऐसा मामला उनके संज्ञान में आया है। पुलिस की ओर से इस मामले में प्रभावी कार्रवाई होगी। अवैध तौर पर शराब की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## यूपी में भ्रष्ट अफसरों की होगी छुट्टी? योगी सरकार के इस निर्देश के बाद अधिकारियों में हड़कंप

उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के भ्रष्ट अफसर और खराब छवि वाले अफसरों के लिए बुरे दिन आने वाले हैं. इन सभी की सूची शासन ने मांगी है. उत्तर प्रदेश राज्य कर के प्रमुख सचिव एम देवराज ने पिछले दिनों समीक्षा बैठक की गई थी. जिसमें सभी जोनल आयुक्त और संयुक्त आयुक्तों को इस बाबत निर्देश दिया है कि वह हर जिले में सचल दल और विशेष जांच दल के एक–एक सर्वाधिक भ्रष्ट अधिकारियों के नाम दें.एम देवराज ने सभी अपर अप्रयुक्त ग्रेड वन और अपर आयुक्त ग्रेट 2 को इस बाबत निर्देश दिया है कि विशेष जांच दल और सचल दल के सबसे भ्रष्ट और खराब अधिकारियों के नाम वे अतिशीध्र बताएं. खराब परफॉर्मेंस अफसरो की बनेगी सू. चीआपको बता दें कि जोन स्तर पर सबसे खराब परफॉर्मेंस और खराब छवि वाले अधिकारियों के नाम भी एम देवराज द्वारा मांगे गए हैं. इसके साथ ही परफॉर्मेंस को लेकर भी सचल दल और विशेष जांच दल के लिए मानक भी जारी कर दिया गया है जो अफसर इस कसौटी पर फेल होगा, उन अफसरो की सूची बनेगी. इसके बाद सभी खराब परफॉर्मेंस वाले अधिकारी का नाम शासन को भेजा जाएगा.जांच के लिए यह मानक किए गए तयसचल दल के परफॉर्मेंस के लिए जो मानक तय किए गए हैं वह हैं कि कितना टैक्स कलेक्शन हुआ.वाहन चेकिंग के सापेक्ष टैक्स चोरी करने वाले वाहनों की संख्या, ई वे बिल स्कैनिंग और जोन के टैक्स कलेक्शन पर असर, 50,000 से कम के बिलों का संकलन और टैक्स कलेक्शन का असर साथी अधिकारी की सामान्य छवि क्या है. वहीं विशेष जांच दल के लिए जिन मानकों पर उनकी परफॉर्मेंस तय होगी. वह मानक है, टैक्स कलेक्शन की स्थिति, केस प्रोफाइल की गुणवत्ता,रिपोर्ट भेजने और उसके स्तर की गुणवत्ता



,अधिकारी की सामान्य छवि. इसके अलावा इन दोनों में इन मानको के अलावा और मानक जोनल अफसर अपने हिसाब से तैयार कर सकते हैं.कार्यालयो में इस खबर के बाद खलबली मची सूत्रों के माने तो प्रदेश भर में के राज्य कर कार्यालयो में इस खबर के बाद खलबली मची है.वही कई जगहों पर अधिकारियों में फुट भी पड़ गई है. जिसमें नीचे के अधिकारी यह बात कर रहे हैं कि क्या ऊपर वाले पूरी तरीके से पाक साफ है और सिर्फ उपायुक्त, सहायक आयुक्त और वाणिज्य कर अधिकारी ही खराब और भ्रष्ट हैं. वहीं खराब शब्द का पैमाना क्या है.

## अखिलेश का सीएम योगी पर हमला, कहा- सामाजिक सौहार्द के रास्ते में बारूदी सुरंग बिछाना छोड़ें मुख्यमंत्री



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम योगी आदित्यनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामाजिक सौ. हार्द को खत्म कर बारूदी सुरंग बिछा रहे हैं। एनकाउंटर वाली इस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है। घबराहट में उनकी भाषा भी मर्यादाहीन हो गई है। मुख्यमंत्री समाज में बारूद बिछाना छोड़ दें। भाजपा सरकार संविधान नहीं मन विधान से चल रही है।अखिलेश प्रदेश सपा मुख्यालय पर नोटबंदी के दौरान जन्मे खजांची का जन्मदिन मनाने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हार के डर से भाजपा नेताओं की भाषा बदल गई है। सच्चाई यह है कि मन की कुटिलता ही वचन की कटुता बनती है। जिन्होंने खुद के ऊपर से सच्चे मुकदमे हटवाए हैं और दूसरे के ऊपर झूठे मुकदमे लगवाएं हैं, वे जितना कम बोलेंगे उतना उनकी सच्चाई छुपी रहेगी।अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में साधू संतों से पक्षपात किया जा रहा है। उनके बीच झगड़े करवाए जा रहे हैं। जो जितना बड़ा संत होता है, वह उतना कम बोलता है। यहां तो सब उल्टा है। इनकी योग्यता की परीक्षा करवानी पड़ेगी। व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है।
जिन्हें मृदुभाषी होना चाहिए, वे वाचाल और कटुभाषी बन गए हैं। झूठे प्रचारक और अत्याचारी बन गए हैं। जिनका काम सरकार चलाना होना चाहिए, वे बुलडोजर चला रहे हैं।मनाया खजांची का जन्मदिन अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय पर नोटबंदी के समय कानपुर देहात के रसूलाबाद में बैंक की लाइन में पैदा हुए खजांची का आठवां जन्मदिन मनाया गया। उन्होंने खजांची को साइकिल भी भेंट की।
खजांची ने कविता सुनाई। बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी खजांची को उपहार दिए। इस अवसर पर अखिलेश ने कहा कि नोटबंदी दुनिया के इतिहास में सबसे बड़े आर्थिक भ्रष्टाचार के रूप में उभर कर आई है। खजांची का जन्म दिन हम लोगों से ज्यादा भाजपा को मनाना चाहिए।

## लखनऊ में बढ़ते प्रदूषण पर डीएम की बैठक, पराली जलाने से रोकने के लिए ब्लॉक स्तर पर बनाई टीम

दिल्ली से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटा नशे की लत में इतना चूर था कि उनसे अपनी मां को ही मौत के घाट उतार दिया. मां की गलती सिर्फ इतनी थी कि उनसे अपने नशेड़ी बेटे को कनाडा जाकर अय्याशी करने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था. जब मां ने पैसे देने से मना कर दिया तो बेटा हैवान बना और उनसे चाकू से मां के शरीर पर एक दर्जन से ज्यादा बार हमला किया और उसे छलनी कर दिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.जानकारी के अनुसार, आरोपी नशे की लत और बेरोजगारी से जूझ रहा था, जिस कारण परिवार में पहले से ही तनाव था. अब वो कनाडा जाने की जिद्द कर रहा था और पैसे मांग रहा था. इसी बात को लेकर उसकी मां के साथ बहस हुई और मामला इतना बढ़ गया कि उनसे बिना कुछ सोचे समझे मां को मौत के घाट उतार दिया. यह घटना दिल दहला देने वाली है.यह वारदात दक्षिण–पूर्वी दिल्ली के मोलरबंद इलाके में 6 नवंबर को हुई. पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्ण ने अपनी मां गीता (50) पर कई बार चाकू से हमला किया. पुलिस को घटना के बारे में अस्पताल से शाम 4.58 बजे सूचना मिली, जहां गीता को मृत घोषित किया गया था.

घटना के समय घर पर सिर्फ कृष्ण और उसकी मां मौजूद थे.हत्या के बाद पिता को फोन कर घर बुलायामां की हत्या करने के बाद आरोपी ने अपने पिता सुरजीत सिंह को फोन कर घर बुलाया. सुरजीत, जो कि जैतपुर में प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं, जब घर पहुंचे तो उन्होंने अपने बेटे को शांत और माफी मांगते हुए देखा. उसने पिता को ऊपर जाने के लिए कहा, जहां गीता का लहूलुहान शव मिला. जिसे देख पिता सुरजीत हैरान रह गए. पुलिस इस एंगल पर कर रही जांच पुलिस उपायुक्त (दक्षिण–पूर्व) रवि कुमार सिंह पुलिस के मुताबिक, हत्या में इस्तेमाल चाकू तीन दिन पहले खरीदा गया था. पुलिस जांच कर रही है कि क्या
आरोपी ने हत्या के लिए पहले से कोई योजना बनाई थी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने मां की हत्या के लिए कोई पछतावा नहीं दिखाया.
इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम की तैयारी कर रहा था आरोपी हैरानी की बात ये है कि 31 साल का कृष्ण कांत एक स्नातक हैं और वह इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम की तैयारी कर रहा था. उनका छोटा भाई साहिल (27) एक बैंक में काम करता है.

# फ्लैटों में चल रहा था देह व्यापार, छापा मार तीन को पकड़ा

साहिबाबाद। पुलिस ने तुलसी निकेतन स्थित दो फ्लैटों में छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से संचालिका समेत दो महिलाओं को पकड़ लिया है। एक पुरुष और संच.ालिका मौके से भाग गई। पुलिस फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में देह व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की टीम को तुलसी निकेतन में देह व्यापार की सूचना मिली। शुक्रवार रात पुलिस टीम ने दो फ्लैटों पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक संचालिका और एक महिला को पकड़ लिया। पुलिस को देखकर मौके से एक व्यक्ति और महिला भाग गई। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। एसीपी ने बताया कि पकड़ी गई महिला ने अपना नाम गीता उर्फ रानी बताया जबकि, दूसरी महिला दिल्ली की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई गीता उर्फ रानी ने यह फ्लैट किराए पर लिया था और वह देह व्यापार करा रही थी। पुलिस के अनुसार फरार महिला का नाम शीला है, जबकि व्यक्ति का नाम राहुल दुधिया है। पुलिस के अनुसार शीला और गीता ने उक्त दोनों फ्लैट किराए पर लिए थे और यहां पर देह व्यापार करा रही थी। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश में दबिश जारी है।युवतियों को नौकरी देने का



झांसा देती थी–मौके पर पकड़ी गई महिला ने बताया कि गीता और शीला महिलाओं और युवतियों को नौकरी देने का झांसा देकर बुलाती थी। इसके बाद उन्हें लालच देकर गलत काम कराती थी। इतना ही नहीं मना करने पर धमकी देती थी कि उसने उनकी अश्लील वीडियो बना रखी है और उसे वायरल कर देगी। गीता और शीला ने उक्त फ्लैट दो माह पूर्व किराए पर लिए थे। दो माह से देह व्यापार चल रहा था।

## मोहब्बत की नगरी में कुत्ते को खोजने वाले को मिलेगा 50 हजार का इनाम

आगरा में मिसिंग का ऐसा मामला आया है, जिसके पोस्टर जगह–जगह लगे हुए है. ये पोस्टर आगरा आए पर्यटन दंपति के लापता डॉग का लगा हुआ है, जिस पर नगद इनाम की घोषणा भी की गई है. अक्सर आपने शहर की सड़को पर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और थाने की दीवारों पर इंसानों के लापता होने के पोस्टर चस्पा देखे होंगे.लेकिन आगरा में एक डॉग के लापता होने के पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए है. साथ ही इस लापता डॉग को खोजने वाले को 50 हजार रुपए नगद देने का इनाम की घोषणा भी की गई है. यह फीमेल डॉग आगरा घूमने आए एक पर्यटक दंपत्ति का लापता हो गया था.बता दें कि गुरुग्राम के रहने वाले दीपायन अपनी पत्नी कस्‌तूरी के साथ में आगरा घूमने आए थे. वह ताजमहल सहित अन्य स्मारकों का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचे थे. यहां पर उन्होंने आगरा के फतेहाबाद रोड पर स्थित होटल ताज व्यू में कमरा लिया था और पर्यटक दंपति के साथ में दो पालतू डॉग थे. वह होटल प्रशासन के सुपुर्द कर दिए थे. पर्यटक दंपत्ति का आरोप है कि डॉग की देखरेख के लिए होटल ने उनसे दो हजार रुपए भी लिए थे. पर्यटक दंपति 3 नवंबर को फतेहपुर सीकरी स्मारक घूमने के लिए चले गए. उसके तीन घंटे बाद होटल प्रशासन के द्वारा उन्हें सूचना मिली कि उनका एक फीमेल डॉग लापता हो गया है.पोस्टर में इनाम 50 हजार रुपये पर्यटक दंपति वापस आए तो लापता डॉग की तलाश शुरू की. आस पास के क्षेत्र में लापता हुए डॉग को काफी तलाशा गया पर लापता डॉग का सुराग नहीं लगा.इसके बाद इन दंपत्ति ने लापता डॉग के पोस्टर छपवा कर शहर में जगह जगह चस्पा करवा दिए. चस्पा किए गए पोस्टर पर खोजने वाले को पहले 10 हजार रुपए इनाम दी घोषणा की गई थी,फिर 20 हजार रुपए की घोषणा की गई. पर अब चस्पा किए गए पोस्टर में इनाम 50 हजार रुपए कर दिया गया है.होटल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज आगरा में इस लापता हुए डॉग के पोस्टर चर्चा के विषय बने हुए है. पर्यटक दंपति ने होटल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. होटल प्रशासन की लाप.रवाही के आरोप की शिकायत पर्यटन थाने की है. शिकायत के आधार पर पर्यटन पुलिस ने भी होटल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है . इस पूरे मामले पर एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया कि पर्यटक का डॉग मिसिंग की शिकायत पर्यटन थाना में मिली है , मिसिंग रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी .

## डीजे ऑपरेटर ने दूल्हे के भाई को पीटा

कासगंज। थाना सहावर क्षेत्र के गांव में चढ़ रही बरात में गाना बजाने को लेकर डीजे ऑपरेटर से दूल्हे के भाई का विवाद हो गया। आरोप है कि ऑपरेटर ने अपने साथियों को बुलाकर भाई को को जमकर पीटा। इसके बाद वह 1.90 लाख रुपये लूटकर भाग गए। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है।दरअसल, थाना सहावर क्षेत्र के

गांव कनोई निवासी महबूब की बरात नौ नवंबर को गांव सेवनपुर निवासी सगीर अहमद के यहां गई थी। बरात चढ़ाने के लिए लालू बैंड वाला तय किया था। शाम को साढ़े तीन बजे करीब जब बरात चढ़ रही थी तो महबूब का छोटा भाई समीर डीजे ऑपरेटर मो. हसिन निवासी मोहल्ला काजी थाना सहावर के पास गाना बदलवाने गया। तभी किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि इस पर मोहसिन ने अपने साथियों जुबैर, अरबाज, शारिक, गहलोत, जुनैद, पुत्तन, अकरम सहित कई अन्य अज्ञात साथी बुला लिए। इन युवकों ने आते ही समीर को पकड़ लिया और इसे अलग ले जाकर इसके साथ जमकर मारपीट की। बरातियों ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस के आते देख आरोपी युवक एक बराती के हाथ में लगा करीब 1.90 लाख रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग गए।

## नशेड़ी बेटे ने हदें की पार, चाकू से काटकर रख दिया मां का सीना

दिल्ली से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटा नशे की लत में इतना चूर था कि उनसे अपनी मां को ही मौत के घाट उतार दिया. मां की गलती सिर्फ इतनी थी कि उनसे अपने नशेड़ी बेटे को कनाडा जाकर अय्याशी करने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था. जब मां ने पैसे देने से मना कर दिया तो बेटा हैवान बना और उनसे चाकू से मां के शरीर पर एक दर्जन से ज्यादा बार हमला किया और उसे छलनी कर दिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.जानकारी के अनुसार, आरोपी नशे की लत और बेरोजगारी से जूझ रहा था, जिस कारण परिवार में पहले से ही तनाव था. अब वो कनाडा जाने की जिद्द कर रहा था और पैसे मांग रहा था. इसी बात को लेकर उसकी मां के साथ बहस हुई और मामला इतना बढ़ गया कि उनसे बिना कुछ सोचे समझे मां को मौत के घाट उतार दिया. यह घटना दिल दहला देने वाली है.यह वारदात दक्षिण–पूर्वी दिल्ली के मोलरबंद इलाके में 6 नवंबर को हुई. पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्ण ने अपनी मां गीता (50) पर कई बार चाकू से हमला किया. पुलिस को घटना के बारे में अस्पताल से शाम 4.58 बजे सूचना मिली, जहां गीता को मृत घोषित किया गया था. घटना के समय घर पर सिर्फ कृष्ण और उसकी मां मौजूद थे. हत्या के बाद पिता को फोन कर घर बुलायामां की हत्या करने के बाद आरोपी ने अपने पिता सुरजीत सिंह को फोन कर घर बुलाया. सुरजीत, जो कि जैतपुर में प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं, जब घर पहुंचे तो उन्होंने अपने बेटे को शांत और माफी मांगते हुए देखा. उसने पिता को ऊपर जाने के लिए कहा, जहां गीता का लहूलुहान शव मिला. जिसे देख पिता सुरजीत हैरान रह गए. पुलिस इस एंगल पर कर रही जांच पुलिस उपायुक्त (दक्षिण–पूर्व) रवि कुमार सिंह पुलिस के मुताबिक, हत्या में इस्तेमाल चाकू तीन दिन पहले खरीदा गया था. पुलिस जांच कर रही है कि क्या आरोपी ने हत्या के लिए पहले से कोई योजना बनाई थी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने मां की हत्या के लिए कोई पछतावा नहीं दिखाया.इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम की तैयारी कर रहा था आरोपी हैरानी की बात ये है कि 31 साल का कृष्ण कांत एक स्नातक हैं और वह इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम (म्स्ज्ै) की तैयारी कर रहा था. उनका छोटा भाई साहिल (27) एक बैंक में काम करता है.

## वृंदावन के गोविन्द बाग में एक बंदर ने श्रद्धालु का थैला छीन लिया, जिससे श्रद्धालु की मौत हो गई।



वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के गोविन्द बाग इलाके में शनिवार को एक बंदर एक श्रद्धालु का सामान से भरा थैला छीनकर ले गया। दहशत में आए श्रद्धालु की मौत हो गई। श्रद्धालु ने शोर मचाया तो वहां मौजूद गोविन्द बाग निवासी 50 वर्षीय आनंद मंडल पुत्र महादेव मंडल थैला वापस लाने के लिए बंदर के पीछे दौड़ लिये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आनंद राधा दामोदर मंदिर की छत पर चढ़ गये, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ गया और कुछ ही देर बाद उनकी मृत्यु हो गई।बताया गया कि मृतक अक्सर बंगाल में रहता था, जोकि सात नवंबर को ही वृंदावन स्थित घर आया था। परिवारीजनों द्वारा बताया गया कि मृतक आनंद मण्डल को पहले भी दो बार हार्ट अटैक आ चुका था।थैला वापस लाने के प्रयास में आनंद मंडल मंदिर की छत पर चढ़ गए, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा।

## मिया-बीबी, चाचा-भतीजा तो कहीं बाप-बेटा.. सत्ता की चाह में अपने बने विरोधी

महाराष्ट्र में ठीक 10 दिन बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने हैं. इस बीच चुनावी मंच पूरी तरह सज गया है. सत्ता की चाह में परिवार ही क्या पति–पत्नी भी एक दूसरे के विरोध बन गए हैं. कहीं मिया–बीबी तो कहीं सगे चाचा–भतीजे चुनावी मैदान में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं. राज्य में सबसे हाईप्रोफाइल शरद पवार का परिवार है. पवार परिवार के भीतर चाचा–भतीजे के बीच सीधी जंग देखी जा रही है. शरद पवार की एनसीपी से उम्मीदवार युगेंद्र पवार बारामती सीट पर सत्तारूढ़ राकांपा का प्रतिनिधित्व कर रहे अपने चाचा तथा उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. अजित पवार सात बार बारामती विधानसभा सीट से चुनाव जीत चुके हैं और एक बार बारामती संसदीय सीट पर भी जीत हासिल की है.यह दूसरी बार है जब पवार खानदान के गढ़ बारामती में परिवार के बीच ही मुकाबला देखने को मिलेगा. 2024 के लोकसभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को उनकी ननद और शरद गुट वाली राकांपा की नेता सुप्रिया सुले ने बारामती संसदीय सीट से हराया था. पड़ोसी कर्जत–जामखेड़ में अजित पवार के एक अन्य भतीजे रोहित पवार राकांपा (एसपी) उम्मीदवार के तौर पर भाजपा के राम शिंदे के खिलाफ मुकाबले में हैं. रोहित पवार, शरद पवार के पोते हैं.पति–पत्नी में मुकाबला छत्रपति संभाजीनगर के कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार हर्षवर्धन जाधव अपनी अलग रह रही पत्नी और शिवसेना उम्मीदवार संजना जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. संजना भाजपा नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे की बेटी हैं. संजना जाधव के भाई संतोष दानवे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जालना में भोकरदन से चुनाव लड़ रहे हैं.राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे एवं कांग्रेस प्रत्याशी अमित देशमुख और धीरज देशमुख क्रमशरू लातूर शहर और पड़ोसी लातूर ग्रामीण सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. इसी तरह, भाजपा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश राणे और निलेश राणे क्रमशरू शिवसेना और भाजपा प्रत्याशी के तौर पर कुडाल और कणकवली से चुनावी मुकाबले में हैं.मुंबई में ठाकरे परिवार के सदस्य अलग–अलग सीटों से चुनावी मुकाबले में हैं. शिवसेना (ठाकरे) के मौजूदा विधायक आदित्य ठाकरे वर्ली से फिर चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनकी मौसी के बेटे वरुण सरदेसाई पार्टी की टिकट पर बांद्रा पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. आदित्य के चचेरे भाई एवं मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे मुंबई में पड़ोसी माहिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं.

## मंदिर में डॉगी को लेकर भिड़ पड़े 2 साधु, एक ने दूसरे को गुप्ती मारकर पहुंचा दिया अस्पताल

पाली. राजस्थान के पाली शहर के औद्योगिक थाना इलाके में डॉगी को मंदिर से बाहर निकालने की बात को लेकर दो साधु भिड़ पड़े. इस पर नागा साधु ने मंदिर के महंत पर गुप्ती से वारकर उनको लहूलुहान कर दिया. घायल संत को बाद में इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. वहीं गुप्ती मारने के आरोपी नागा साधु को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. घायल संत की हालत अब ठीक बताई जा रही है.पुलिस के अनुसार साधुओं में भिड़ंत का यह मामला सिद्ध पीठ गणेश मंदिर में सामने आया है. नाहरगढ़ आश्रम में रहने वाले नागा संत शनिवार को ही जोधपुर से सिद्ध पीठ गणेश मंदिर आए थे. वे अपने साथ दो डॉगी लाए थे. वहां उन डॉगी को मंदिर प्रांगण से बाहर निकालने को लेकर मंदिर के महंत सुरेश पुरी से उनका झगड़ा हो गया.देखते ही देखते बढ़ गया संतों में विवाद मंदिर के महंत ने कुत्तों को बाहर निकालने के लिए लकड़ी मारी तो नागा बाबा गुस्से में आ गए और उन दोनों में विवाद हो गया. देखते ही देखते मामला बढ़ गया. फिर हालात यहां तक पहुंच गए कि नाहरगढ़ के नागा संत ने मंदिर के महंत सुरेश पुरी के गुप्ती घोंपकर उनको घायल कर दिया. इससे वहां अफरातफरी मच गई. सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल संत को पाली के बांगड़ अस्पताल पहुंचाया. वहां उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल संत सुरेश पुरी की हालात खतरे से बाहर बताई जा रही है.पूरा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है पुलिस ने आरोपी संत को हिरासत में ले लिया है. पुलिस मुताबिक फिलहाल डॉगी के मंदिर में आने का ही मामला सामने आया है. अन्य कोई कारण अभी तक सामने नहीं आया है. फिर भी पुलिस सभी एंगल से पूरे मामले की जांच कर रही है. संतों में हुई इस चाकूबाजी की घटना से पुलिस के साथ ही आसपास के लोग भी हैरान हैं. यह पूरा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है.

विरोधी



बने

बाप–बेटामहाराष्ट्र के पूर्व मंत्री गणेश नाइक भाजपा प्रत्याशी के तौर पर ऐरोली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनके बेटे संदीप राकांपा (एसपी) प्रत्याशी के तौर पर पड़ोसी बेलापुर सीट से मुकाबले में हैं. इसी तरह, महाराष्ट्र के मंत्री विजयकुमार गावित और उनकी बेटी एवं पूर्व सांसद हिना गावित भी चुनावी मुकाबले में हैं. मंत्री गावित भा.जपा प्रत्याशी के तौर पर नंदुरबार सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनकी बेटी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पड़ोसी अक्कलकुवा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं.इस्लामपुर में राकांपा (एसपी) प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनके भतीजे और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्राजक्त तनपुरे पार्टी की टिकट पर राहुरी से चुनाव लड़ रहे हैं. राकांपा के मंत्री छगन भुजबल येवला से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनके भतीजे एवं पूर्व सांसद समीर भुजबल निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नंदगांव से चुनाव लड़ रहे हैं. भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार मुंबई की वांद्रे(बांद्रा) पश्चिम सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनके भाई और पार्टी प्रत्याशी विनोद शेलार मलाड पश्चिम से चुनावी मुकाबले में हैं. वांद्रे पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में कई बॉलीवुड हस्तियों का घर है।ाजपा के संतुकराव हंबार्डे नांदेड लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनके भाई और मौजूदा विधायक मोहनराव हंबार्डे कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर नांदेड दक्षिण विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं. नांदेड लोकसभा सीट भ्पर उपचुनाव मौजूदा कांग्रेस सांसद वसंतराव चह्वाण के निधन के कारण कराना पड़ रहा है. इस सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा.

### सांड ने किया हमलारू किसान का पेट फाड़ा...गर्दन में घुसा दिए सींगय हालत देख डॉक्टर भी कांप गए

एटा के अलीगंज में खेत पर काम कर रहे किसान पर सांड ने हमला कर दिया। किसान का पेट फाड़ दिया और उसकी गर्दन में सींग घुसा दिए। परिवार के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। किसान की हालत देख डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के नगला भज्ज गांव में खेतों पर काम कर रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। सांड के हमले में बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हुआ है। खेत पर काम कर रहे परिजन मरणासन्न हालत में बुजुर्ग को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टरों ने किसान की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग किसान भग.वान दास पुत्र सुमेर सिंह उम्र 65 अपने परिवार के साथ खेत पर किसानी का कार्य कर रहा रहा था, तभी अचानक आवारा सांड आ गया। किसान खेतों से सांड को भागाने लगा, तभी सांड हमलावर हो गया और उसने बुजुर्ग को खेतों में पटक–पटक कर अधमरा कर दिया। चीखने–चिल्लाने के बाद परिजन बुजुर्ग की तरफ दौड़े तब तक सांड ने किसान का पेट फाड़ दिया और गरदन में सींग घुसा दिए।

### 19 साल बाद फैंस के बीच लौट रहा है शक्तिमान, मुकेश खन्ना ने साझा किया पहला टीजर



शक्तिमान के नाम से मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना ने अपने शो का एक टीजर जारी किया है, जिससे उनके प्रतिष्ठित सुपरहीरो की वापसी के लिए उत्सुकता और भी बढ़ गई है। मुकेश खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर शक्तिमान की बहुप्रतीक्षित वापसी की घोषणा करते हुए पहला पोस्टर और टीजर जारी किया है।90 के दशक के हर बच्चे का एक पसंदीदा सुपरहीरो था, और वह बैटमैन या स्पाइडर–मैन नहीं था। यह प्रतिष्ठित टीवी शो शक्तिमान था। और अब एक बार फिर बच्चों का यह पसंदीदा सुप.रहीरो दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए फिर से स्क्रीन पर वापस आ गया है। अब 19 साल बाद मुकेश खन्ना ने एक बार फिर फैंस को शक्तिमान की झलक दिखाई है और उनका उत्साह सातवें आसमान पर ला दिया है।फिर से आ रहा है फैंस सुपरहीरो श्शक्तिमानश के नाम से मशहूर अभिनेता मुकेश खन्ना ने अपने शो का एक टीजर जारी किया है, जिससे उनके प्रतिष्ठित सुपरहीरो की वापसी के लिए उत्सुकता और भी बढ़ गई है। मुकेश खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर शक्तिमान की बहुप्रतीक्षित वापसी की घोषणा करते हुए पहला पोस्टर और टीजर जारी किया है।मुकेश खन्ना ने साझा किया टीजर उनकी पोस्ट में लिखा था, उनके लौटने का समय आ गया है...हमारे पहले भारतीय सुपर टीचर– सुपर हीरो...हां! जैसा कि आज के बच्चों पर अंधकार और बुराई हावी हो रही है...उनके लौटने का समय आ गया है...वह एक संदेश लेकर लौट रहे हैं। वह एक शिक्षा लेकर लौट रहे हैं। आज की पीढ़ी के लिए। उनका स्वागत करें। दोनों हाथों से !!!!! अभी देखें टीजर सिर्फ भीष्म इंटरनेशनल यूट्यूब चौनल पर।यूजर्स ने जताया उत्साह जैसे ही पोस्ट अपलोड किया गया, कमेंट सेक्शन में पुरानी यादों की लहर दौड़ गई, प्रशंसकों ने अपने बचपन के बारे में याद किया और शक्तिमान की वापसी के लिए अपनी उत्सुकता जताई। एक यूजर ने लिखा,

मैंने इसे देखने के लिए कई बार स्कूल छोड़ा है। दूसरे ने लिखा, ष्वेटिंग सर.. सबसे शक्तिशाली पहला सुपरहीरो.. हमारे शक्तिमान एक और यूजर ने लिखा, बहुत उत्साहित हूं सर, और ढेर सारी शुभकामनाएं बता दें कि शक्तिमान मुकेश खन्ना की निर्मित एक भारतीय हिंदी भाषा की सुपरहीरो टेलीविजन शो है। यह मूल रूप से 13 सितंबर, 1997 से 27 मार्च, 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ था।

# श्री वार्ष्णेय मंदिर में अक्षय नवमी पर आंवला पूजन कर मांगी परिवार की खुशहाली

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मंदिर , बजरंग मार्केट अचल ताल स्थित वाराह भगवान मंदिर सहित महानगर के प्रमुख मंदिरों पर अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर महिलाओं ने आंवला पूजन व तुलसी माता का पूजन कर 108 परिक्रमा की और भगवान विष्णु से अपने परिवार की खुशियाँ मांगीं । श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार अक्षय नवमी पर प्रातः 9 बजे से ही महिलाओं ने आंवला पूजन किया । ऐसी मान्यता है कि अक्षय नवमी को आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि आंवले के पेड़ में सदैव भगवान विष्णु वास करते हैं। आंवला नवमी पर लोग पवित्र नदी में स्नान, ध्यान, दान आदि करके भगवान से हर मनोकामना को पूरी करने के लिए प्रार्थना करते हैं । वहीं दूसरी तरफ इसकी छाया में भोजन करने और आंवले के सेवन से शरीर व मन दोनों ही ठीक रहता है। आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ के नीचे पका हुआ भोजन खाने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता



है। आंवले के पेड़ की 108 परिक्रमा कर दान करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है । परिवार कष्टों से दूर रहकर निरोगी रहता है । साथ मे तुलसी माता की भी पूजा भी महिलाओं ने पारम्परिक रूप से की ।इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय मंदिर के महंत पंडित मनोज मिश्रा और पंडित महेश ब्रह्मचारी ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के मध्य पूजन कराया । इस अवसर पर पूर्व पार्षद अलका गुप्ता , उमा वार्ष्णेय , सरिता वार्ष्णेय , ममता गुप्ता , वंदना वार्ष्णेय , दीपिका वार्ष्णेय आधुनिक , अंजना वार्ष्णेय , अंजू वार्ष्णेय , नीरू स्क्रेप , संध्या वार्ष्णेय , मंजू वार्ष्णेय , निशा वार्ष्णेय , किरन वार्ष्णेय , दामिनी वार्ष्णेय , प्रीति वार्ष्णेय आदि ने पूजन कर भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## मानक के अनुसार सड़क न बनने पर निर्माण रुकवाया , आश्वासन पर फिर शुरू हुआ काम



अलीगढ़ (जननायक सम्राट) जट्टारी–पिसावा मार्ग की लंबाई 16 किलोमीटर है। नौ माह से कच्छप गति से निर्माण चल रहा है। धूल उड़ने से लोग परेशान हैं। पटरियां जर्जर हैं। इससे बनी नई सड़क भी टूटने लगी है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में सही सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है।जट्टारी–पिसावा मार्ग के चौड़ीकरण के तहत चल रहे मार्ग निर्माण के कार्य को 9 नवंबर को किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने गांव नगलिया बिजना में रुकवा दिया। मानक के अनुसार निर्माण कार्य न होने का आरोप लगाया। एई और जेई ने मानक के अनुसार निर्माण होने का आश्वासन दिया, जिसके बाद काम शुरू हो सका।किसान एकता संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रधान व किसान नेता रोबिन चौधरी ने कहा कि जट्टारी–पिसावा मार्ग की लंबाई 16 किलोमीटर है। नौ माह से कच्छप गति से निर्माण चल रहा है। धूल उड़ने से लोग परेशान हैं। पटरियां जर्जर हैं। इससे बनी नई सड़क भी टूटने लगी है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में सही सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सड़क को उखाड़कर बनाने के बजाय पुरानी सड़क पर ही सामग्री डालकर निर्माण कराया जा रहा है। काम बंद कराने पर एई चंद्रभान सिंह व जेई सर्वेश यादव मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया। मौके पर मुकेश कुमार, जगदीश सिंह, नीरज सिंह, भूपेंद्र सिंह, होशियार सिंह, रघुवीर सिंह, जयराम सिंह, सतेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया हजरत बाबा बरछी बहादुर साहब का सालाना उर्स

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) महानगर के कठपुला ओवर ब्रिज के पास स्थित बाबा बरछी बहादुर साहब के सालाना उर्स में गंगा जमुनी तहजीब का समागम देखने को मिला। इतना ही नहीं यहां पर विगत रात्रि कव्वाली के मुकाबले में रहमत और बरक्कतों का खूब फैज बरसा। आपको बता दें कि हजरत बाबा बरछी बहादुर साहब की पवित्र दरगाह पर आठ नवंबर से लेकर दस तारीख तक सालाना उर्स का भव्य आयोजन रखा गया जिसके लिए समूचे दरगाह परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया।सूत्रों की मानें तो बाबा की इस पवित्र दरगाह पर न सिर्फ मुस्लिम समाज के लोग बल्कि सभी धर्म और मजहब के लोग हुजूर के सदके में सर झुकाते हैं और आपका इतिहास लगभग साढ़े सात सौ साल पुराना है जबकि इसी पवित्र दरगाह पर एक सौ तेरहवां उर्स मुबारक आठ तारीख से शुरू हुआ जिसके पहले दिन मिलादुन्नबी में सभी ने प्यार मुहब्बत और खुलुस पर अपनी तकरीरें करते हुए कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की तो वहीं दूसरी तरफ अगले दिन महफिले शमा में हसनपुर से आए फहीम वारसी और अलीगढ़ के शमीम वारसी ने हुजूर की शान में कव्वाली का प्रोग्राम पेश करते हुए अपने अपने फन का इजहार किया।वहीं दरगाह कमेटी के सचिव नूर मुहम्मद ने इस बाबत जानकारी दी और कहा कि उर्स के इस तीन दिन की अवधि के दौरान की गई दुआ बाबा बरछी बहादुर साहब जरूर कबूल फरमाएंगे और अपने नेक बंदों को हर बला से महफूज रखेंगे। आपको बता दें कि अलीगढ़ महानगर में ये दरगाह वास्तव में काफी प्राचीन है और यहां पर सभी धर्म और मजहब के लोग चादर चढ़ाने के लिए आते हैं जबकि इस वर्ष भी बाबा के सालाना उर्स ने एक बार फिर हिन्दू मुस्लिम एकता और अलीगढ़ की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम की।

## अलीगढ़ में 42 करोड़ से बनेगीं 20 सड़कें, इन सड़कों का होगा निर्माण

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में करीब 42 करोड़ की लागत से 20 नई सड़कें बनेंगी। लोक निर्माण विभाग ने शासन से धनराशि की मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग अतरौली, छर्रा, इगलास, कोल, शहर, बरौली एवं अतरौली विधान सभा क्षेत्रों में सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।प्रत्येक विधानसभा में छह–छह करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण होगा। इन प्रस्तावों में प्राथमिकता वाली सड़कों का निर्माण पहले कराया जाएगा। इन सड़कों की मरम्मत के साथ ही कुछ सड़कों का चौड़ीकरण भी होगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसे मंजूर कर लिया गया है।

इनमें कुछ वह सड़कें भी हैं जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं।इन सड़कों का होगा निर्माणधनुआ की नगलिया से बड़ा खुर्द मार्ग की विशेष मरम्मत पर 44 लाख, अलीगढ़–राया–मथुरा मार्ग पर 47 लाख, अलीगढ़ –मथुरा मार्ग पर सहारा खुर्द मार्ग पर विशेष मरम्मत, 62.50 लाख , सासनी–इगलास मार्ग से विशनपुर तक 59.40 लाख, अलीगढ़ –राया मार्ग पर किलोमीटर 34 से विशेष मरम्मत कार्य 59.20 लाख, अलीगढ़ –राया मार्ग से इस्माइलपुर पर 42.40 लाख, सासनी इगलास मार्ग पर विशेष मरम्मत 1.12 करोड़, हाथरस –इगलास 47.45 लाख, साधु आश्रम –पनैठी मार्ग से सिल्ला विसावन धर्मपुर मार्ग पर 126.75 करोड़, गोंडा मार्ग से दाना मार्ग व गोंडा मार्ग से सौनोठ मार्ग 55.90 लाख, गोंडा–फगोई मार्ग पर 22.70 लाख रुपये, नरौना–बरला से रामपुर मार्ग 10.75 लाख, नौरंगाबाद छावनी से चिरौलिया मार्ग 20.20 लाख, याकूतपुर संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत 25.40 लाख, नानऊ–दादों मार्ग से जटपुरा मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य 30– 30 लाख, छतारी –अतरौली मार्ग से नगलागुलरिया मार्ग पर विशेष 24.90 लाख, छतारी –अतरौली मार्ग –कासगंज मार्ग पर 27. 65 लाख की लागत आएगी।जिले की सभी विधानसभाओं में सड़कों के निर्माण व चौड़ीकरण और मरम्मत के कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।फिलहाल छह–छह करोड़ की धनराशि वाली 20 सड़कों पर जल्द काम भी शुरू कराया जाएगा।– योगेश कुमार, अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग

## साले-बहनोई ने हड़पे 1.22 लाख, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

अलीगढ़(जननायक सम्राट) थाना सासनीगेट में एक युवक ने साले व बहनोई पर धोखाधड़ी से थोक में केला लेकर रुपये न देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। जयप्रकाश गुप्ता निवासी गांधीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि पुराना हाथरस अड्डा आगरा रोड पर उसका केले का थोक का व्यापार है। कुछ दिन पहले विपिन सोनकर निवासी एलमपुर सरकारी क्वार्टर माल ले जाता था। 25 सितंबर 2024 को विपिन अपने साले आदित्य राय उर्फ विनीत व ससुर के साथ आया और कहने लगा की राजू भाई मेरा काम चालू करवा दो। अब हम जीजा– साले मिलकर काम करेंगे। गारंटी हमारे ससुर की रहेगी, तुम्हारा कोई पैसा नहीं रहेगा। इस पर वह विपिन और विनीत की बातों में आ गया और उन्हें माल देने लगा। कई बार विपिन उसके यहां से माल ले गया और 1,22,310 रुपया रोक लिया। आरोप है कि पैसे मांगने पर विपिन व आदित्य पिछले कई दिनों से गुमराह कर रहे हैं और तरह–तरह के बहाने बना रहे हैं। किसी दूसरे नंबर से बात करने पर फोन पर अभद्रता कर रहे हैं। आरोप है कि दोनों झूठ बोलकर उसके 1,22,310 रुपये हड़प लिए हैं। प्रभारी निरीक्षक सा. सनीगेट ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## खैर उपचुनाव रिजर्व ईवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखने को नोडल अधिकारी नामित, 19 नवंबर को रवाना होंगी पोलिंग पार्टी

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) के खैर में उपचुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने मंडी परिसर, कलेक्ट्रेट ईवीएम वेयरहाउस, चिन्हित तहसील स्तरीय इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और विधानसभावार तहसील मुख्यालय पर रिजर्व ईवीएम–वीवीपैट सुरक्षित रखे जाने के लिए तहसीलदार खैर को नोडल अधिकारी नामित किया है।उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि रिजर्व ईवीएम– वीवीपैट को 19 नवंबर में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के बाद धनीपुर मंडी परिसर से जीपीएस युक्त वाहन, सुरक्षा के साथ चिन्हित स्ट्रांग रूमों के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाए।

### सूबे के हर जिले में होगा एक मॉडल सोलर गांव, 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों में होंगी ये सुविधाएं

अलीगढ़ जिले में तीन ब्लाक के तीन गांवों का चयन कर लिया गया है। इनमें लोधा का महरावल, धनीपुर का हरदुआगंज देहात और जवां का रामगढ़ पंजीपुर ग्राम पंचायत शामिल है। इनमें से सबसे ज्यादा सोलर पैनल लगवाने वाले गांवों का चयन किया जाएगा।पीएम सूर्य घर योजना में प्रदेश के हर जिले से एक ग्राम पंचायत को मॉडल सोलर गांव बनाया जाएगा। गांव के हर घर पर रूफटॉप सोलर पैनल के साथ कृषि यंत्र को ऊर्जीकृत किया जाएगा। आने वाले फरवरी माह में सभी जनपदों को यह लक्ष्य पूरा करना होगा।यह फरमान उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव प्रशांत शर्मा ने जारी किया है। इसके लिए जिले में तीन ब्लाकों के एक–एक पंचायत का चयन किया गया है। यहां पर सौर ऊर्जा क्षेत्र में सबसे बेहतर कार्य करने वाले गांवों का चयन कर शासन को सूची भेजी जाएगी। 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों का योजना में चयन किया जाएगा। इस योजना के तहत जिले में तीन ब्लाक के तीन गांवों का चयन कर लिया गया है। इनमें लोधा का महरावल, धनीपुर का हरदुआगंज देहात और जवां का रामगढ़ पंजीपुर ग्राम पंचायत शामिल है। इनमें से सबसे ज्यादा सोलर पैनल लगवाने वाले गांवों का चयन किया जाएगा। इसके क्रियान्वयन को जिला स्तरीय कमेटी डीएलसी गठित की जाएगी।

## दून पब्लिक स्कूल में आज होगी परीक्षा , विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

हाथरस (जननायक सम्राट)अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में गजब का उत्साह है। यह परीक्षा आज दून पब्लिक स्कूल आगरा रोड हाथरस में सुबह ग्यारह बजे से हो.गी। विद्यार्थी इस परीक्षा की तैयारी करने में जुटे हैं। उनके अध्यापक भी इसकी तैयारियां करा रहे हैं। जिन स्कूलों के बच्चों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है उनके प्रबंधन एवं अध्यापक बच्चों को परीक्षा केंद्र पर समय से परीक्षा में शामिल होने के लिए कह रहे हैं।परीक्षा सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक होगी। विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी अपने साथ पहचान पत्र की एक कॉपी अवश्य लेकर आएं। कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों को 50–50 हजार रुपये और कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को 75–75 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कुछ 46 बच्चों को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति से उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी।विद्यालय प्रबंधन की ओर से अमर उजाला की इस छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पारदर्शिता के तहत परीक्षा होगी। बच्चों में परीक्षा को लेकर खासी उत्साह है। –जेके अग्रवाल, प्रधानाचार्य, दून पब्लिक स्कूल।अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है। वह दिन–रात इसके लिए मेहनत कर रहे हैं। हमारे विद्यालय के जो भी विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे, उनकी सफलता की कामना करता हूं। –सूरजपाल सिंह प्रधानाचार्य, एमएल इंटर कॉलेज सहपऊ। छात्र एवं छात्राओं ने पूरी तैयारी कर ली है। मुझे उम्मीद है कि हमारे कॉलेज का कोई–कोई विद्यार्थी इस परीक्षा में अवश्य सफल होगा।–मनवीर सिंह उपप्रधानाचार्य एमएल इंटर कॉलेज सहपऊ।ऐसे पहुंच सकते हैं दून पब्लिक स्कूल दून पब्लिक स्कूल, आगरा रोड पर स्थित रोडवेज वर्कशॉप से 100 मीटर आगे आगरा की ओर चलने पर पड़ता है। परीक्षार्थी बस स्टैंड से ई–रिक्शा के जरिए आसानी से स्कूल तक पहुंच सकेंगे। इसके साथ ही आगरा की ओर से बसों से आने वाले विद्यार्थी रोडवेज वर्कशॉप से 100 मीटर पहले ही सीधे स्कूल पर उतर सकेंगे।

डीएलसी द्वारा सचिव की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय टास्क फोस बनाकर घर–घर जाकर ग्रामीणों को योजना के बारे में बताना होगा। छह के लिए गांव में गैर परस्परिक संयत्रों की स्थापना, ग्रामीणों को जागरूक करने को प्रतियोगिता होगा। मॉडल सोलर गांव को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता करेगी केंद्र सरका. र।।पीएम सूर्य घर योजना के तहत मॉडल सोलर गांव बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके लिए तीन ब्लाकों से तीन पंचायतों का चयन किया गया है। इनमें सबसे बेहतर कार्य करने वाली पंचायतों का नाम शासन को भेजी जाएगी। चयन के बाद सरकार एक करोड़ रुपये की गांव में वित्तीय सहायता देकर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देगी।–धनंजय जायसवाल, डीपीआरओ

## जुलाई में दो लाख को पिलाया बगैर क्लोरीन का पानी, 4100 हुए बीमार

अलीगढ़ जनपद में छह नगर निकायों की दो लाख आबादी को जुलाई महीने में बगैर क्लोरीन वाला पानी पिला दिया गया। नगरपालिका अतरौली के साथ ही नगर पंचायत जलाली, पिसावा, गभाना, पिलखना और मडराक नगर निकायों द्वारा जो घरों में पानी की आपूर्ति की गई उसमें क्लोरीन था ही नहीं। जबकि निकाय के अफसर शुद्ध पानी की सप्लाई का दावा करते रहे। इसी पानी को पीकर इन निकायों में 4100 लोग बीमार भी हुए। बीमारों का यह आंकड़ा सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का है।नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा पाइप लाइन के जरिए जो घरों में पानी सप्लाई किया जाता है उसमें क्लोरीन अनिवार्य होना चाहिए। जुलाई यानी बरसात में तो क्लोरीन की मात्रा बढ़ाई जाती है मगर यहां तो निकायों ने बरसात के मौसम में भी लोगों को बगैर क्लोरीन वाला पानी पिला दिया। यह हालात तब हैं जब संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा था। जिम्मेदार कौन जुलाई में दो लाख को पिलाया बगैर क्लोरीन का पानी, 4100 हुए बीमार नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा पाइप लाइन के जरिए जो घरों में पानी सप्लाई किया जाता है उसमें क्लोरीन अनिवार्य होना चाहिए। जुलाई यानी बरसात में तो क्लोरीन की मात्रा बढ़ाई जाती है मगर यहां तो निकायों ने बरसात के मौसम में भी लोगों को बगैर क्लोरीन वाला पानी पिला दिया।दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय की ओपीड़ी में डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए लगी मरीजों की भीड़ अलीगढ़ जनपद में छह नगर निकायों की दो लाख आबादी को जुलाई महीने में बगैर क्लोरीन वाला पानी पिला दिया गया। नगरपालिका अतरौली के साथ ही नगर पंचायत जलाली, पिसावा, गभाना, पिलखना और मडराक नगर निकायों द्वारा जो घरों में पानी की आपूर्ति की गई उसमें क्लोरीन था ही नहीं। जबकि निकाय के अफसर शुद्ध पानी की सप्लाई का दावा करते रहे। इसी पानी को पीकर इन निकायों में 4100 लोग बीमार भी हुए। बीमारों का यह आंकड़ा सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का है।नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा पाइप लाइन के जरिए जो घरों में पानी सप्लाई किया जाता है उसमें क्लोरीन अनिवार्य होना चाहिए। जुलाई यानी बरसात में तो क्लोरीन की मात्रा बढ़ाई जाती है मगर यहां तो निकायों ने बरसात के मौसम में भी लोगों को बगैर क्लोरीन वाला पानी पिला दिया। यह हालात तब हैं जब संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा था। इस पानी को पीकर हजारों लोग बीमार होते रहे। कोई उल्टी–दस्त से पीड़ित हुआ तो किसी को बुखार ने जकड़ लिया। सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की भीड़ लगी रही। 4100 लोगों का यह आंकड़ा तो केवल इन्हीं अस्पतालों का है। जबकि एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी रही होगी जिन्होंने जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज या फिर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराया होगा।ये बिल्कुल संभव नहीं है कि पेयजल आपूर्ति में क्लोरीनेशन न हुआ हो। यह व्यवस्था तो सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। पानी की आपूर्ति बिना क्लोरीनेशन के नहीं की जाती। कहीं न कहीं रिपोर्ट में कोई त्रुटि हुई है। अभी मैं प्रदेश मुख्यालय की एक बैठक में हूं। लौटकर इस रिपोर्ट व क्लोरीनेशन व्यवस्था को देखने के बाद स्पष्ट किया जाएगा। अगर कहीं कोई गड़बड़ी है तो उसे दुरुस्त कराया जाएगा।–वंदना शर्मा, ईओ जलाली नगर पंचायत व अतरौली नगर पालिकासंचारी रोग नियंत्रण अभियान के सभी कामकाज की मॉनीटरिंग होती है। इसकी प्रगति रिपोर्ट में जो भी कमियां पाई गई हैं, उन पर जवाबदेही तय होगी। साथ में संबंधितों पर कार्रवाई भी होगी। विभागवार सभी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। – पंकज कुमार, एडीएम प्रशासप्रशासन की मानीटरिंग में खुली निकायों के दावों की पोल दरअसल जुलाई माह में प्रशासन ने निकायों द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी की मानीटरिंग की थी। पता चला कि जुलाई माह में अतरौली नगर पालिका के साथ जलाली, पिसावा, गभाना, पिलखना, मडराक और जट्टारी नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पानी में क्लोरीन मिलाया ही नहीं गया।निकायों के प्रभारियों को जारी किए गए नोटिस इस मामले में निकायों के प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। पानी में नियमित क्लोरिनेशन की जिम्मेदारी इन्हीं की होती है। एडी हेल्थ मोहन झां ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रदेश स्तर से जो रिपोर्ट जारी हुई है उसमें अलीगढ़ की स्थिति बेहद खराब आई है। इसमें पानी की गुणवत्ता भी जांची गई थी। अब संबंधित नगर निकाय प्रभारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।जुलाई में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या स्वास्थ्य केंद्र बीमार लोगों की संख्या अतरौली सीएचसी उल्टीदस्त के 750 मरीज पहुंचे, बुखार के 155 जलाली पीएचसी डायरिया के 360 मरीज पहुंचे, बुखार के 150 गभाना सीएचसीडायरिया के 510 मरीज पहुंचे, बुखार के 150 पिलखना पीएचसी उल्टीदस्त के 365 मरीज पहुंचे, बुखार के 155 मडराक पीएचसी उल्टीदस्त के 425 मरीज पहुंचे, बुखार के 145जट्टारी पीएचसी उल्टीदस्त के 395 मरीज पहुंचे, बुखार के 146 पिसावा पीएचसी उल्टीदस्त के 280 मरीज पहुंचे, बुखार के 145

# तुलसी विवाह के दिन इस एक चीज का दान, बदल सकता है आपका भाग्य

तुलसी विवाह के दिन विधि–विधान से भगवान शालिग्राम और माता तुलसी की पूजा करने से जीवन में खुशहाली व सुख–समृद्धि का आगमन होता है, इस दिन इस उपाय को करने से आपका भाग्य बदल सकता है.तुलसी विवाह का पर्व साल 2024 में 13 नवंबर, बुधवार के दिन पड़ रहा है. इस दिन लक्ष्मी जी के स्वरुप तुलसी जी का विवाह विष्णु जी के स्वरुप शालिग्राम भगवान के साथ किया जाता है.इस दिन विष्णु भगवान चार माह के योग निद्रा के बाद जागते हैं. इस दिन पावन दिन पर भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की आराधना की जाती है.हिंदू धर्म में कन्या दान को महा दान माना गया है. तुलसी विवाह के दिन जिन दंपती की बेटी नहीं है या बेटी की कामना रखने वाले लोग तुलसी विवाह के दिन तुलसी माता को अपनी बेटी मान कर उनका कन्या दान करें.इस दिन कन्या दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है. इस दिन वस्त्र और आभूषण का दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है. ऐसा माना जाता है इस दिन इनका दान करने से व्यक्ति को दोगुना लाभ मिलता है.तुलसी विवाह का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है.इस दिन पवित्र



नदी में स्नान और दान से शुभ फल और पुण्य की प्राप्ति होती है.तुलसी विवाह के दिन विधि–विधान से भगवान शालिग्राम व माता तुलसी की पूजा करने से जीवन में खुशहाली व सुख–समृद्धि का आगमन होता है.

## कार्तिक पूर्णिमा का स्नान है मिलता है . 100 अश्वमेध यज्ञ के समान फल




कार्तिक मास को हिंदू कैलेंडर का सबसे पवित्र महीना माना जाता है. इस माह पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि का भी विशेष धार्मिक महत्व होता है. कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान, दान और दीपदान का विशेष महत्व है.कार्तिक पूर्णिमा के दिन का महत्व इसलिए भी और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि इस दिन देव दिवाली मनाई जाती है. मान्यता है कि इस दिन देवी–देवता गंगातट पर आते हैं. साथ ही कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान का भी महत्व है.कार्तिक पूर्णिमा स्नान का महत्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं. ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर किए स्नान से सौ अश्वमेध यज्ञ कराने जितना पुण्यफल प्राप्त होता है. कार्तिक पूर्णिमा पर किए गए स्नान से भगवान श्रीहरि की भी कृपा मिलती है. इसलिए इस दिन लोग गंगा , यमुना जैसी नदियों में स्नान करते हैं.का. र्तिक पूर्णिमा 2024 स्नान का समय का. र्तिक पूर्णिमा तिथि 15 नवंबर 2024 सुबह 6 बजकर 19 मिनट से शुरू हो जाएगी, जिसका समापन 16 नवंबर देर रात 2 बजकर 58 मिनट पर होगा. इसलिए का. र्तिक पूर्णिमा से जुड़े स्नान, दान, व्रत, पूजा पाठ आदि जैसे सभी धार्मिक कार्य 15 नवंबर 2024 को ही किए जाएंगे. स्नान मुहूर्त स्नान के लिए सुबह 4:48 से सुबह 5:51 तक का समय रहेगा.देव दिवाली पूजा मुहूर्त शाम 05:10 से रात 07:47 तक लक्ष्मी पूजन मुहूर्त रात 11:39 से 12:33 तक कार्तिक पूर्णिमा स्नान का फल तभी प्राप्त होगा, जब स्नान शुभ मुहूर्त में किया गया है. इस दिन सूर्योदय से पूर्व पवित्र नदी में स्नान करने का महत्व है. नदी स्नान संभव न हो तो नहाने के पानी में गंगाजल की बूंदे मिलाकर भी स्नान कर सकते हैं. कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करते समय तभी तीर्थों का ध्यान करें और स्नान के बाद सबसे पहले सूर्य को अर्घ्य दें.सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद अन्न–जल ग्रहण करने से पहले जरूरतमंदों में फल, तिल, अन्न, वस्त्र आदि का दान करें.का. र्तिक पूर्णिमा पर संध्याकाल में नदी, तालाब, मंदिर, आंगन, बालकनी या खुले आकाश के नीचे दीपदान जरूर करें. कार्तिक पूर्णिमा पर शाम में तुलसी के पास और मुख्य द्वार पर भी एक घी का दीपक जरूर जलाना चाहिए. इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं.

# धनु, तुला, कुंभ वाले रखें सेहत का ध्यान, जानें 10 नवंबर आज का राशिफल

**आज का राशिफल यानि 10 नवंबर 2024, रविवार का भविष्यफल विशेष है. देश के प्रसिद्ध भविष्यवक्ता और कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास से जानते हैं आपका दैनिक राशिफल**

### मेष राशि

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है. आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है. आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा. आज कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं. आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए निकालेंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी. आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, आपकी सफलता जल्द ही आपके कदम चूमेंगी। आज बिजनेस संबंधी ज्यादातर काम ठीक से पूरे हो जाएंगे.

### वृषभ राशि

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी. आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी. आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे. आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे। आज ऑफिस में आप पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे. छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है, किसी टॉपिक को समझने के लिए, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा.

### मिथुन राशि

आज का दिन आपके लिए ठीकरूठाक रहने वाला है. आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी. महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा. आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा. आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है. परंतु अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर भी रखना जरूरी है. आज बच्चों की गतिविधियों और संगति पर कड़ी नजर रखेंगे। आज कारोबार में जल्दबाजी में फैसला लेने से बच्चे, किसी जानकार से राय ले लें.

### कर्क राशि

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है. आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह–मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे. आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है. आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है. आज कर्मच. ारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी. लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां आने से मन प्रसन्न रहेगा.

### सिंह राशि

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी. आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे. आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोडा खराब हो सकता है। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा. आज कहीं भी यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और व्यक्तिगत मामलों में ध्यान देंगे. इस समय काम करने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, कारोबारी गतिविधियां धीमी रहेंगी. हालांकि आपके कर्मचारियों का सहयोग काफी हद तक व्यवस्था को उचित बनाकर रखेगा. आज नौकरी में जिम्मेदारी पर गंभीरता से ध्यान दें. पारिवारिक सदस्यों का आपसी सहयोग घर के वातावरण को सुखद और मधुर बनाकर रखेगा.

### कन्या राशि

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बे. हतरीन तरीके से करेंगे. किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार–विमर्श होगा. आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा. आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़. पैतृक जमीन जायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता मिलेगी. आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से भी खुद को दूर ही रखें. आज बिजनेस में इनकम बढ़ाने के लिए किए प्रयोग फायदेमंद होंगे. आपका अपने काम के प्रति मेहनत के बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे. आज जीवनसाथी का सहयोग आपके लिए बहुत ही सुकून दायक रहेगा.

### तुला राशि

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है. आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे. आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है. अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्ग दर्शन अवश्य लें. आज कारोबार में ऑर्डर पूरा करते समय टारगेट का ध्यान रखें. आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी.

### वृश्चिक राशि

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है. आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे. आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे. भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है. कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे. वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। अपनी ची. जों को संभालकर रखें. विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है. मीडिया या फोन द्वारा आपको बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है इसलिए अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में ध्यान लगाएंगे.

### धनु राशि

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है. धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा. आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान–सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें. आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस में उलझे. सरकारी नौकरी में कार्यभार की अधिकता के कारण आपको ओवरटाइम भी करना पड़ेगा. लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त होगी. कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा.

### मकर राशि

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है. आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है. किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप–रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी. आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है. आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे. आज कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेगी हालांकि परिणाम मिलने में कुछ समय लग सकता है. आज ऑफिस में प्रमोशन को लेकर कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है.

### कुंभ राशि

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है. आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है. सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सक. ारात्मक परिणाम हासिल करेंगे. आज आपको करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी. आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें. समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना जरूरी है. कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस बनाये रखना जरूरी है. आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है.

### मीन राशि

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा. आज दौड़–धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी. आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे. फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा. प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी.

# अक्षय नवमी से ही हुआ था द्वापर युग का आरंभ

धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन से ही द्वापर युग का आरंभ माना जाता है. इस दिन को अक्षय नवमी, आंवला नवमी कूष्माण्डा नवमी और जगधात्री पूजा भी कहा जाता है.कार्तिक शुक्ल की नवमी तिथि को आंवला या अक्षय नवमी मनाई जाती है, जोकि इस साल आज 10 नवंबर 2024 को है. इस दिन व्रत, पूजा, दान आदि का विशेष महत्व है. नाम के अनुसार ही इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा भी की जाती है.मान्यता है कि अक्षय नवमी के दिन से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक आंवला वृक्ष पर भगवान विष्णु का वास होता है. यह भी मान्यता है कि इसी दिन विष्णु जी ने दैत्य कुष्मांडक का वध किया था.श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं का त्यागकर कंस वध से पहले अक्षय नवमी के दिन ही वन की परिक्रमा की थी. इसलिए इस दिन का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है.आंवला भगवान विष्णु के प्रिय फलों में एक है. आंवला नवमी के दिन




स्नानादि के बाद आंवला वृक्ष की पूजा करने, वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है.आंवला नवमी के दिन आंवला वृक्ष की पूजा के दौरान वृक्ष के जड़ में दूध, जल, अक्षत, सिंदूर और चंदन चढ़ाएं. साथ ही वृक्ष में कलावा बांधें और श्रीहरि के मंत्रों का जाप करें. साथ ही वृक्ष की परिक्रमा भी करें. इससे भगवान विष्णु की कृपा मिलती है.

### भगवान पर चढ़ा फूल या माला का गिरना किस बात का संकेत? होने वाला है शुभ या अशुभ

पंडित जी के अनुसार, भगवान को अर्पित किए गए फूल या फूल माला का अचानक गिरना ईश्वर द्वारा भेजा गया संकेत हो माना जा सकता है. जो यह बताता है कि भगवान आपकी भक्ति को देख रहे हैं या प्रार्थना को सुन रहे हैं. इसलिए इस दिव्य घटना को शुभ भी माना जा सकता है. आपको इस स्थिति में अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए, जो आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक हो सकते हैं

.संकट या अवसर का संकेत

ऐसा भी कहा जाता है कि, भगवान को अर्पित किए गए फूल या फूल माला अचानक गिरने पर आने वाले संकट का इशारा है. यह एक चेतावनी हो सकती है जो आपको जीवन में बदलाव और निर्णय की जरूरत पर बल देती है. ताकि आप अपने निर्णय पर फिर से विचार कर सकें और भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें.

**आवश्यकता है**

**हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें –**

**अमित कुमार वर्मा -संम्पादक**

**मौः-8218049162,8273402499**

**जननायक सम्राट**

**हिंन्दी साप्ताहिक**

**मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित**

**सम्पादक–अमित कुमार वर्मा**

**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा**